# बिहार विधान सभा

संचिका संख्या-1 स्था०-148/2018

## सूचना

बिहार विधान-सभा सचिवालय में विभिन्न कोटि के पदों पर सीधी भर्त्ती हेतु एजेंसी के चयन के लिए राष्ट्रीय स्तर के समाचार-पत्रों यथा 'द टाईम्स ऑफ इंडिया' एवं 'हिन्दुस्तान' तथा राज्य स्तरीय समाचार-पत्र 'दैनिक जागरण' में दिनांक- 11.08.2018 को एन०आई० टी० संख्या- 06/2018 तथा उसके साथ संलग्न आर० एफ०पी० (Request For Proposal) के माध्यम से इच्छुक निविदादाताओं से निविदा आमंत्रित किया गया था । निविदा आमंत्रण की अन्तिम तिथि 04.09.2018 को 03:00 बजे अप० तक थी । इस बीच दिनांक 17.08.2018 को 03.30 बजे अप० में आयोजित प्रि-बिड मिटिंग में हुये विचार विमर्श एवं एजेंसियों से प्राप्त प्रि-बिड पृच्छाओं के आधार पर सम्यक विचारोपरांत दिनांक 21.08.2018 को बिहार विधान-सभा सचिवालय के बेवसाईट पर एक कोरिजेंडम प्रकाशित किया गया । उक्त निविदा आमंत्रण सूचना के आलोक में पाँच निविदादाताओं से निविदा प्राप्त हुआ । दिनांक 04.09.2018 को 04:00 बजे अप० में आयोजित निविदा मूल्यांकन समिति के समक्ष पाँचो निविदादाता से प्राप्त निविदाओं में से सर्वप्रथम अर्नेस्ट मनी से संबंधित लिफाफा उनकी उपस्थिति में खोला गया । पाँचों निविदादाता द्वारा अर्नेस्ट मनी डिपोजिट के लिए निर्धारित राशि का बैंक ड्राफ्ट पाये जाने के बाद उन पाँचों से प्राप्त तकनीकी निविदा खोला गया ।

निविदादाताओं से प्राप्त तकनीकी निविदाओं पर समिति ने दिनांक- 05.09.2018 की बैठक में विचार करते हुए निर्धारित कार्यक्रमानुसार पाँचो निविदादाता से तकनीकी प्रजेन्टेंशन / डेमो लिया गया । दैनिक समाचार-पत्रों एवं बिहार विधान-सभा के बेवसाईट पर प्रकाशित टेंडर डोक्यूमेन्ट एवं कोरिजेंडम में उल्लिखित प्री-क्वालिफिकेशन क्राईटेरिया एवं तकनीकी मूल्यांकन क्राईटेरिया तथा तकनीकी प्रजेंटेशन / डेमों के आधार पर निविदा मूल्यांकन समिति द्वारा मूल्यांकन के पश्चात पाँचों निविदादाता, तकनीकी निविदा में सफल हुए है।

अत: निम्नलिखित पाँचो निविदादाता को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 10.09.2018 को 11:30 बजे पूर्वा० में निविदा मूल्यांकन समिति के समक्ष वित्तीय निविदा खोले जाने के दौरान निश्चित रूप से उपस्थित रहेंगे :-

**1. TCS Consultancy Services**
Unit 403, 4th Floor Vasundhara Metro Mall, Near Rajapur Pool, East Boring Canal Road, Patna-800001

**2. NSEIT Ltd.**
Ground Floor, Trade Globe, Andheri- Kurla Road, Andheri (E), Mumbai-400059

**3. APTECH Limited**
Aptech House, A-65, MIDC MAROL, Andheri (E), Mumbai- 400093

**4. Sify Technologies Limited**
3rd Floor, Anam Plaza, South Gandhi Maidan, Opp. Subhash Park Patna- 800001

**5. MERIT TRAC Services Private Limited**
Market Square, 12/5, 4th Floor, Kaikondrahalli, Varthur Hobli, Sarjapura Main Road, Bengaluru- 560035

ह० 7/9

अवर सचिव

बिहार विधान सभा, पटना ।